तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 8 मार्च 2025

13 भगवान का साक्षात्कार बिना भाव के संभव ...

14 कलेक्टर ने किया पीएमश्री स्कूल का औचक ...




**खबर संक्षेप**

### डिप्टी सीएम आज बालोद व दल्लीराजहरा प्रवास पर



बालोद। उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन अरूण साव का दौरा कार्यक्रम के तहत 8 मार्च को जिले के दो नगर पालिका बालोद व दल्लीराजहरा मे शपथ ग्रहण समारोह सम्मिलित होने के लिए आगमन हो रहा है। जिसके तहत प्रातः 8 बजे डी–8 शासकीय निवास सिविल लाईन रायपुर जिला रायपुर से बीएसपी स्कूल क्रमांक 6 दल्लीराजहरा जिला बालोद पहुंचेंगे। जहां वे प्रातः 10:30 बजे बीएसपी स्कूल क्रमांक 6 दल्लीराजहरा जिला बालोद पहुंचकर शपथ ग्रहण समारोह मे सम्मिलित होंगे। प्रातः 11 बजे बीएसपी ▶▶| शेष पेज 12 पर

## कार्रवाई : ग्रामीण क्षेत्र में बर्तन चमकाने के नाम पर करता था धोखाधड़ी

# पुलिस के हत्थे चढ़ा धोखाधड़ी के आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

धोखाधड़ी के आरोपी को पकड़ने में बालोद पुलिस को सफलता मिली है। ग्रामीणों से बर्तन चमकाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के कब्जे से पीतल, कांसा, स्टील, जर्मन के 526 किग्रा वजनी बर्तन एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल जब्त की गई है। ग्रामीण क्षेत्र में भोले भाले लोगो के साथ की धोखाधड़ी का पुलिस ने खुलासा किया है।

धारा 318(4) बी.एन.एस. के अपराध में धोखाधड़ी कर ग्रामीणों से लियें बर्तन सहित अज्ञात आरोपी



के पतासाजी हेतु थाना गुण्डरदेही एवं सायबर सेल बालोद से विशेष टीम गठित किया गया था। प्रकरण की विवेचना के दौरान ग्रामीणों से जानकारी एकत्रित कर अज्ञात व्यक्ति की पता तलाश में टीम द्वारा आस–पास के शरहदी जिलो में टीम रवाना किया गया था जिसे मुखबिर सूचना द्वारा जानकारी प्राप्त हुआ कि धमतरी क्षेत्र में किरायें के मकान में गलत नाम व पता बताकर रहने की सूचना पर टीम द्वारा तस्दीक किया गया जो अपना नाम कृष्णा यादव पिता राधेलाल यादव के नाम से रह रहा था जिसका सही नाम शेख सागर पिता शेख सादिक उम्र 34 वर्श साकिन साहपुकुर (मध्यराम कृष्णापुर) थाना उमरगंज जिला दक्षिण दिनाशपुर पश्चिम बंगाल, हाल किरायें के मकान संजय नगर गोसाई चौक थाना टिकरापारा जिला रायपुर (छ0ग0) का होना पाया गया। आरोपी की पहचान कार्रवाई प्रार्थी से कार्यपालिक मजिस्ट्रेट गुण्डरदेही द्वारा कराया गया। आरोपी के विरूद्ध सबूत पाए जाने से विधिवत 07 मार्च 2025 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड प्राप्त कर जेल दाखिल किया गया।

### नए बर्तन व इनाम देने के नाम पर धोखाधड़ी

मामले मे प्रार्थी योगेन्द्र कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी द्वारा प्रार्थी एवं अन्य ग्रामीणों से पीतल एवं कांसा की पुरानी बर्तन को चमकाने तथा स्टील एवं जर्मन के बर्तन के बदले नयें बर्तन व ईनाम देने के नाम पर ग्रामीणों को अलग–अलग नाम पता बताकर बर्तन कीमती 179620 रूपये को ले जाकर ग्रामीणों को वापस न कर धोखाधड़ी करने कि रिपोर्ट पर थाना गुण्डरदेही में 03 मार्च 2025 को धारा 318(4) बीएनएस. का अपराध पंजीबद्व किया गया था।

## बालोद में नपाध्यक्ष और पार्षदगणों का शपथ ग्रहण समारोह आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



■ पुराना टाउनहाल परिसर में कार्यक्रम का आयोजन

नगर पालिका परिषद् बालोद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी एवं पार्शदगणो का शपथ ग्रहण समारोह 8 मार्च को नगर पालिका कार्यालय के सामने पुराना टाउनहाल परिसर बालोद मे आयोजित किया गया है। जिसमे मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन अरूण साव होंगे। अध्यक्षता सांसद कांकेर लोकसभा क्षेत्र भोजराज नाग करेंगे।

### ये भी रहेंगे उपस्थित

अति विशिष्ट अतिथि मे महापौर नगर निगम धमतरी प्रदेश महामंत्री भाजपा छ.ग जगदीश रामू रोहरा, प्रदेश महामंत्री भाजपा संजय श्रीवास्तव, पूर्व मंत्री अविभाजित मध्यप्रदेश कृपाराम साहू, जिला अध्यक्ष भाजपा बालोद चेमन देशमुख, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, पूर्व विधायक वीरेन्द्र साहू, पूर्व सदस्य राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग यशवंत जैन, निवृतमान जिला अध्यक्ष भाजपा बालोद पवन साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा बालोद कृष्णकांत पवार, पूर्व प्रदेश मंत्री भाजपा राकेश यादव, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बालोद यज्ञदत्त शर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बालोद लीला शर्मा, अध्यक्ष भाजपा मंडल बालोद अमित चोपड़ा उपस्थित रहेंगे।

## गुण्डरदेही जपं में भाजपा का कब्जा पुरुषोत्तम चंद्राकर बने अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

■ भाजपा के नीतीश मोंटी यादव बने उपाध्यक्ष

शुक्रवार को हुए जनपद पंचायत गुण्डरदेही के अध्यक्ष उपाध्यक्ष चुनाव मे पर भाजपा का कब्जा हो गया है। भाजपा के पुरुषोत्तम चंद्राकर 14 वोट पाकर अध्यक्ष चुन लिया गया है, भाजपा से पुरुषोत्तम चंद्राकर व कांग्रेस से ललिता भुआर्य अध्यक्ष के लिए दावेदारी कर रहीं थी। जिसमें ललिता भुआर्य को 10 वोट मिले, वहीं पुरुषोत्तम चंद्राकर ने 14 वोट पाकर अध्यक्ष का चुनाव जीत लिया। बतादें कि गुण्डरदेही जनपद पंचायत मे कुल 24 जनपद है, जिसमे से अधिकांश भाजपा समर्पित प्रत्याशी चुनकर आए हैं, वहीं 4 निर्दलीय जनपद सदस्य ने भाजपा को समर्थन किया है, दोपहर बाद उपाध्यक्ष का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें भाजपा के नीतिश मोंटी यादव को 13 कांग्रेस के रामेश्वर चन्द्राकर को 11 वोट मिले अब गुण्डरदेही जनपद पंचायत मे भाजपा ने अध्यक्ष उपाध्यक्ष पद पर भाजपा का कब्जा जमाया है।

### मोदी व साय के सुशासन की जीतः मारकंडे

मंडल अध्यक्ष युवराज मारकंडे ने कहा कि भाजपा की जीत केंद्र की मोदी सरकार व प्रदेश के विष्णुदेव साय के सुशासन की जीत है, अब भाजपा के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष बनने पर जनपद क्षेत्र मे विकास मे गति मिलेगी, इस जीत का श्रेय पाटएँ के जनपद सदस्य व जिला पदाधिकारीगण व मंडल के पदाधिकारीगण की कुशल रणनीति की जीत है, इस अवसर पर जिला व मंडल के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

## अपर कलेक्टर ने किया कृषक उद्यानिकी परिक्षेत्र का भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ ड्रीप एवं माल्चिंग पद्धति से होती है इन फसलों की खेती

अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक ने आज जिले के बालोद विकासखण्ड के ग्राम भोथली तथा ओरमा में कृषक उद्यानिकी परिक्षेत्र का भ्रमण कर जिले में उद्यानिकी फसलों की स्थिति के संबंध में जानकारी ली।

इस दौरान कौशिक ने कृषकों से बातचीत कर उद्यानिकी फसलों के उत्पादन में लगने वाली कुल लागत, आमदनी एवं इसकी बिक्री की व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। बालोद विकासखण्ड के ग्राम ओरमा के कृषक उद्यानिकी परिक्षेत्र में कृषक गिरधारी लाल निषाद ने बताया कि वे 01 एकड़ में टमाटर तथा 01 एकड़ भूमि में करेले की खेती कर रहे हैं। उनके द्वारा ड्रीप एवं माल्चिंग पद्धति से इन फसलों की खेती की जा रही है। कृषक गिरधारी लाल ने बताया कि वर्तमान में करेले की खेती में 35 से 40 क्विंटल का उत्पादन हो रहा है। इसके साथ–साथ उन्होंने प्रति एकड़ 40 टन टमाटर उत्पादन होने की संभावना व्यक्त की।

### उत्पादन और आमदनी की ली जानकारी

उन्होंने बताया कि करेले की खेती की लागत प्रति एकड़ 80 हजार से 01 लाख तक फसल चक्र में आ जाता है। उन्होंने करेले की खेती से 02 से सवा 02 लाख तक आमदनी होने की जानकारी दी। कृषक ने बताया कि टमाटर एवं करेले की फसल में स्टीकी ट्रेप तथा फेरोमोन ट्रेप का उपयोग किया जाता है। जिससे कीटों का प्रबंधन होता है और फसल उत्पादन में लागत भी कम आती है। इस दौरान सहायक संचालक उद्यानिकी कंवर एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप



### गुरु घासीदास बाबा ने समानता और मानवता का दिया संदेश

**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी गुरुवार को बाबा गुरु घासीदास की तपोभूमि गिरौधपुरी धाम पहुंचे। उन्होंने यहां पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़ की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने इस अवसर पर कहा, बाबा गुरु घासीदास का जीवन और उनकी शिक्षाएं समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने समानता, न्याय और मानवता का संदेश दिया था। आज हमें उनके आदर्शों को अपनाकर छत्तीसगढ़ को एक समृद्ध और खुशहाल राज्य बनाने की दिशा में काम करना चाहिए। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ की सरकार को बाबा गुरु घासीदास के सिद्धांतों पर चलते हुए राज्य के विकास और जनकल्याण के लिए कार्य करने की आवश्यकता है। गिरौधपुरी धाम में श्री जोगी के साथ पार्टी के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक, उपाध्यक्ष अशोक सोनवानी, विधि प्रकोष्ठ के नेता अधिवक्ता आनंद मुगरी भी उपस्थित थे।

### सोनू को पीएचडी

**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने सोनू कुमार मिश्रा को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने छत्तीसगढ़ी भाषा अध्ययन की परंपरा और डॉ.विनय कुमार पाठक विषय पर हिंदी में शोध किया है। उन्होंने अपना शोधकार्य शासकीय दूधाधारी बजरंग स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. सविता मिश्रा के मार्गदर्शन में पूरा किया है। उल्लेखनीय है कि डॉ. सविता मिश्रा वर्तमान में शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजिम, जिला गरियाबंद में बतौर प्राचार्य पदस्थ हैं।

### पेट्रोल पंप संचालक से लूट, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** माना थाना क्षेत्र के कमल विहार चौक के पास तीन दिन पूर्व सोमवार को पेट्रोल पंप संचालक के साथ मारपीट कर लूट करने के आरोप में पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों ने कारोबारी की कार को बाइक से ठोकर मारकर उनके साथ विवाद कर लूट की थी। हरीश अग्रवाल की शिकायत पर पुलिस ने लूट के आरोप में बलराज मानिकपुरी उर्फ सन्नी, लोकेश यादव उर्फ लल्ला, कुलदीप सिंह उर्फ मोंटू को गिरफ्तार किया है।

पेज 11 का शेष

### डिप्टी सीएम साव बालोद ...

स्कूल क्रमांक 6 दल्लीराजहरा से नगर पालिका कार्यालय के सामने पुराना टाउनहाल परिसर बालोद जिला बालोद पहुंचेंगे। जहां 11:30 बजे नगर पालिका कार्यालय के सामने पुराना टाउनहाल परिसर बालोद जिला बालोद मे आयोजित शपथ ग्रहण समारोह मे सम्मिलित होंगे। दोपहर 12 बजे नगर पालिका कार्यालय के सामने पुराना टाउनहाल परिसर बालोद जिला बालोद से डी–8 शासकीय निवास सिविल लाईन रायपुर जिला रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार श्री अशोक शर्मा आ. मेघराम शर्मा निवासी सिंघदई, मोहारा चौक, तह. व जिला राजनांदगॉव (छ.ग.) ने विक्रेता श्रीमती मंजु लता साहू पति श्री झनिस कुमार साहू निवासी भीमकन्हार तह. मारींबंगला देवरी जिला बालोद (छ.ग.) से ग्राम भीमकन्हार प.ह.न. 18 रा.नि.मा. अछोली तह. मारींबंगला देवरी जिला बालोद में स्थित कास्तकारी भूमि खसरा नं. 218/3, 218/11 हे. कुल खसरा नं. 02 कुल रकबा 0.25, हे. 0.16 हे. भूमि कुल रकबा 41 को क्रय करने का पक्का सौदाकर लिया हैं, केवल विक्रय विलेख के निष्पादन की औपचारिकताये शेष हैं।

उपरोक्त संव्यवहार के संबंध में किसी व्यक्ति, व्यक्तियों की संस्था, बैंक, वित्तीय निकाये, शासकीय अथवा अर्धशासकीय संस्थान को किसी भी प्रकार का उजर दावा या आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के दस दिनों के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालीन पते पर प्रस्तुत कर देवे समयावधि उपरांत की गई किसी भी प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी और विक्रय विलेख का पंजीयन कर दिया जावेगा । सो सूचना जाने ।

**दिनांक: 07-03-2025**

**विनोद कुमार शुक्ला (अधिवक्ता)**
**पूर्व अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ**
**राजनांदगाँव ब्राह्मण पारा, गांधी चौक, राजनांदगाँव मो : 9424126898**

---

## अपराध : पिकअप के पीछे ट्राली को टोचन कर फरार हुए आरोप

# अज्ञात लोगों ने चुराई ट्रॉली, सीसीटीवी में कैद हुई घटना, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



ग्राम कन्नेवाड़ा में शिक्षक के घर के सामने खड़े ट्रेक्टर के ट्राली को अज्ञात लोगों ने पिकअप वाहन के पीछे टोचन कर चोरी कर ले गया है। पूरी घटना शिक्षक के घर में लगे सीसीटीवी कैमरे कैद हो गई है। लेकिन चोरी करने वाला व्यक्ति पहचान नहीं आ रहा है। शिक्षक को लगभग डेढ़ लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

वहीं ग्राम कन्नेवाड़ा निवासी शिक्षक राजकुमार ने बताया 4 मार्च को अपने घर के सामने ग्राम कन्नेवाड़ा में अपने ट्रेक्टर के ट्राली क्रमांक सीजी 24 वी 1464 को शाम को खड़ी किया था। 5 मार्च को सुबह देखा तो ट्रेक्टर के ट्राली घर के बाहर नहीं था। जिसका आस पास पता तलाश किया नहीं मिला तब मैं अपने घर में लगे सीसीटीवी कैमरा का फुटेज देखा, जिसमें 5 मार्च की देर रात लगभग डेड़ बजे को एक सफेद रंग का पिकअप वाहन का चालक अपने साथी के साथ ट्रेक्टर ट्राली को पिकअप के पीछे टोचन कर चोरी कर ले जाते दिख रहे है। कोतवाली थाना प्रभारी रविशंकर पांडे के अनुसार इस मामले पर शिक्षक के द्वारा मामला दर्ज कराया जा चुका है। पुलिस भी सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद मौके से जांच में जुट गई है।

### चोरों ने ताला तोड़कर किया जेवरात समेत 23 हजार नकद की चोरी

**बालोद।** थाना देवरी अंतर्गत ग्राम सुरसुली में घर में ताला लगाकर काम पर गए एक व्यक्ति के घर चोरों ने सुबह के समय ही धावा बोल 67 हजार रुपए के जेवरात समेत 23 हजार रुपए नगदी को चोरी कर लिया गया है।



प्राथी ने थाना देवरी में अज्ञात चोर के खिलाफ शिकायत किया है जिसके बाद पुलिस ने चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। ग्राम सुरसुली निवासी राजमिस्त्री कंशराम साहू ने बताया कि 4 मार्च की सुबह अपने घर से मिस्त्री काम पर ग्राम जामनारा गया था, पत्नी सुशीला बाई गांव में ही धान की फसल निंदाई करने घर में ताला लगाकर गई थी मैं काम से वापस शाम को घर आया तो मेरी पत्नी बताई कि काम से मजदूरी कर घर वापस शाम को आई तो घर का ताला एवं पेटी का ताला टूटा था सामान बिखरा हुआ था, घर का मेन गेट का ताला टुटा था अंदर गई तो घर के अंदर लगा ताला भी टुटा था मेरी पत्नी पडोसी रिखी राम सार्वा को बुलाकर घर को दिखा रही थी सभी लोग के बाहर में खडे थे घर का ताला टुटा हुआ था जिसे मैं भी देखा हूं। मैं और मेरी पत्नी दोनो घर के अंदर जाकर देखे पेटी का ताला टूटा हुआ था पेटी के अंदर रखे हुये नगदी 23 हजार रूपये एवं बैग में रखे सोने का खिनवा, सोने का पत्ती, सोने का मंगलसुत्र, चांदी का करधन को 4 मार्च की सुबह से शाम के बीच कोई अज्ञात चोर घर के ताला तोडकर घर अंदर घुंसकर चोरी कर ले गया है।

### सूने मकान से जेवरात ले उड़े चोर, अपराध दर्ज

**बालोद।** अर्जुन्दा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भालुकोन्हा में एक व्यक्ति के सुने मकान में अज्ञात लोगों ने धावा बोल लगभग 43 हजार रुपए के जेवरात की चोरी कर फरार हो गया। जिस मामले प्राथी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अर्जुन्दा थाने में शिकायत दर्ज कराया है। पुलिस ने चोर के खिलाफ धारा 305(ए), 331(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।

■ 43 हजार रुपए के जेवरात की चोरी कर फरार हुए आरोपी

वही ग्राम भालुकोन्हा निवासी कैलाश ठाकुर ने बताया 5 मार्च की सुबह मिस्त्री काम में देवसरा गया था, पत्नि खिलेश्वूरी ठाकुर गांव के खेत में काम करने चली गई थी, बच्ची उमएँ ठाकुर स्कूल चली गई थी, घर में कोई नही था, ताला लगा हुआ था, तभी शाम को गांव का इंद्रकुमार साहू ने फोन बताया कि तुम्हारे घर में चोरी हो गया है। तब मैं अपने काम देवसरा मिल से वापस घर आकर देखा तो घर के सामने का दरवाजा खुला हुआ था ताला नही था। घर के अंदर जाकर देखा दरवाजा का ताला नही था, चाबी भी अपने जगह में नही मिला, कमरा के दरवाजा का भी ताला नही मिला तथा चाबी भी अपने स्थान पर नही था। कमरा के अंदर जाकर देखा तो आलमारी के सामान फर्स पर व दीवान के नीचे बिखरा पडा था। आलमारी का दरवाजा खुला हुआ था, जिसके अंदर मैने रखे समान को लॉकर में देखा तो वहां एक चांदी का करधन, 3 जोडी चांदी का पायल 6 नग सोने की पत्ती, 1 जोडी सोने का खिनवा को कोई अज्ञात व्यक्ति मेरे घर में प्रवेश कर चोरी कर ले गया है।

---

# विधायक संगीता ने जिले के लिए मांगी एंबुलेंस स्वास्थ्य मंत्री ने विस में दिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

विधायक संगीता सिन्हा ने बालोद जिले के लिए एम्बुलेंस की मांग रखी थी, जिस पर मंत्री ने सदन में देने की घोषणा की।

विधानसभा में शुक्रवार को विधायक संगीता सिन्हा के तारांकित प्रश्न का उत्तर देते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने विधायक की मांग पर बालोद जिले के लिए अ त्या धु नि क चिकित्सा सुविधाओं से युक्त संजीवनी 108 वाहन देने की घोषणा की। बालोद जिले के एकमात्र एडवांस लाइफ सपोर्ट सिस्टमयुक्त 108 वाहन को स्वास्थ मंत्री के निर्देश पर पिछले वर्ष धमतरी जिले को हस्तांतरित कर दिया गया था। जिसे वापस करने के लिए विधायक संगीता सिन्हा ने मंत्री को उसी समय पत्र लिखा था। समय समय पर उन्हें स्मरण दिलातीं रहीं क्योकि एडवांस लाईफ सपोर्ट सिस्टमयुक्त संजीवनी 108 वाहन के माध्यम से गंभीर स्थिति वाले मरीजों को इस वाहन मे ही समुचित चिकित्सा उपचार एवं देखभाल के साथ उच्च चिकित्सा उपचार हेतु रायपुर, दुर्ग एवं राजनांदगांव के चिकित्सालयों तक पहुंचाया जाता था, जिसे धमतरी जिले के सुपुर्द कर दिया गया है। क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्यहित को दृष्टिगत रखते हुए विधायक ने शुक्रवार को सदन मे प्रश्नोत्तर के दौरान पुनः स्मरण करा कर एम्बुलेंस की मांग की। जिस पर स्वास्थ मंत्री ने शीघ्र ही एक नये एम्बुलेंस देने की सदन मे घोषणा की।

■ एंबुलेंस को दूसरे जिले को एक साल पहले दे दिया गया था

### जिले के वाहन को धमतरी भेज दिया गया था

एडवांस लाईफ सपोर्ट सिस्टमयुक्त इस वाहन के माध्यम से जरूरतमंद कई मरीजों को समय पर आपालकालीन एवं त्वरित चिकित्सा उपचार उपलब्ध होने से उन्हें जीवनदान मिला था। उक्त वाहन को धमतरी जिला भेज दिये जाने से बालोद जिले के हृदयाघात, भीषण सड़क दुर्घटना एवं अन्य गंभीर स्थिति वाले मरीजों को उच्च चिकित्सा उपचार के लिए रिफर किये जाने की स्थिति में अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से युक्त 108 वाहन के लाभ से वंचित हो गये थे।

---

# जीवन-मरण के चक्कर में पड़े जीव को सुख केवल स्वभाव के बदलने के बाद ही मिलता है : हसकीर्तिश्रीजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



नगर के जैन उपाश्रय प्रांगण के सभागार में गुरुवार को कैवल्यधाम तीर्थ प्रेरिका निपुनाश्रीजी मसा व बस्तर प्रहरी राजेशश्रीजी मसा की सुशिष्या महासती हसकीर्तिश्रीजी मसा ने अपने आध्यात्मिक प्रवचनों की श्रृंखला के अंतर्गत कहा कि इस सम्पूर्ण जगत में सुई या बाल की नोक जितना भी जगह नही बचा है जहाँ हमने जन्म मरण नही किया ही। अनन्त ही बार हमारा शरीर बदला, हमारे परिवार नाते रिश्ते बदले व अनन्त ही बार हमारा एड्रेस बदला है। परन्तु हम कहीं पर भी सुखी नही बन पाए हैं। इसका क्या कारण है कि सब कुछ बदलने के बाद भी हमारी स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुई है।

महासती जी ने बताया कि सब कुछ बदलने के बाद भी हम हमारा स्वभाव नही बदल पाए राग द्वेष की ग्रंथी व मोह माया की जंजीर को तोड़ नही पाए इसलिए बार बार शरीर मिल रहे है व जन्म मरण का चक्कर चल रहा है।पांचों इंद्रियां तीर्थंकर परमात्मा का जिनशासन देव गुरु धर्म का सानिध्य मिल चुका है अब जरूरत है स्वभाव परिवर्तन की।तर्क के साथ तत्वों के साथ अनेकों गुरु भगवन्तों ने परमात्मा की जिनवाणी का श्रवण कराया है पर हमारे भाव जस का तस बने हुए हैं।द्रव्य व भाव कुंभकर्ण की गहरी निद्रा में ही है।कुम्भकर्ण को तो इन्द्रासन की जगह निद्रासन का वरदान मिल गया था इसलिए वह गहरी निद्रा में थे।पर हम अभी तक क्यो सोए हुए हैं जागृत क्यों नही हो रहे यह चिंतन का विषय है। जागृति आती है तो मात्र जिनवाणी श्रवण करते तक या सिर्फ प्रवचन स्थल तक बाद में पुनः संसार का रंग चढ़ जाता है।

हमारे परमात्मा पारसमणि के समान है और हम लोहे के समान।जिस प्रकार लोहे में जंग या किसी चीज का आवरण यदि लग गया तो वह पारसमणि के सम्पर्क में आने के बाद भी वह लोहा का लोहा ही रहेगा।ठीक वही जंग लगे लोहे के समान हमारे मान कषाय रूपी जंग हमें भी परमात्मा के संपर्क में आने के बाद हमें कुंदन बनने से रोक रहे हैं।इस मान कषाय क्रोध आदि जो जंग के समान है उन्हें दूर करे तभी कल्याण के मार्ग प्रशस्त होंगे।महासती जी ने बताया कि परमात्मा की वाणी को सुनकर विषधर सर्प चण्डकौशिक के भाग्य भी जागृत हो गए थे। पूर्वभव में क्रोध के अतिरेक के कारण से उसे दृष्टिविष सर्प बनना पड़ा।परमात्मा के शरण मिलने के बाद उसे पूर्व भव दिखने लगे।क्रोध का स्थान अब क्षमा ने ले लिया।उसने मन मे ग्लानि के भाव उतपन्न हुए व पंद्रह दिनों की समाधि के समभाव की साधना आराधना कर देव लोक के देव बने।ऐसे है हमारे परमात्मा जिनके सम्पर्क में आने के बाद कुंदन बनना तय है बस जरूरत है भाव व स्वभाव परिवर्तन की।परमात्मा की सेवा पूजा सामायिक प्रतिक्रमण तप आदि की आराधना करते है पर फायदा क्यो नही ।चिंतन करे जब चण्डकौशिक पर कृपा हुई तो हम पर क्यों नही।जब तक क्रोध मान माया का आवरण रहेगा तब तक यह स्थिति ऐसी ही बनी रहेगी।आवरण के कारण लोहा पारसमणि के संपर्क में आने के बाद भी लोहा का लोहा ही है तो हमारी स्थिति भी ठीक वैसे ही है।परमात्मा में एकाकार होने के बजाय हम अहंकार का पर्दा ओढ़ रहे हैं।मोह आशक्ति की जंग लगी हुई है।तो यह कुंदन कैसे बन सकता है।

### सच्चाई जानें, पहुंचेंगे परमात्मा के करीब

हमे स्वभाव का परिवर्तन करना ही होगा।इस अमूल्य मानव भव के महत्व को समझें।नरक तिर्यंच व देवगति के देवता भी वो साधना आराधना नही कर सकते हैं जो हम इस शरीर से कर सकते हैं।यह शरीर भी अनित्य है यह हमेशा रहने वाला नही है। पौष्टिक आहार व उत्कृष्ट रसायन के बाद भी यह शरीर व्याधि मंदिर बन सकता है। आने वाला काल का प्रभाव तो और भी भयंकर है। यह शरीर उस काल के प्रभाव को सहने में और भी असमर्थ हैं।आने वाला पल कब मौत का पैगाम लेकर आएगा, कब मूर्खो की जमात में बिठा देगा कब करोड़पति से रोड़पति बना देगा यह किसी को नही मालूम है।यह बातें किसी को डराने की नही है परन्तु जीवन की यही सच्चाई है। इस बात को जितना जल्दी समझ लेंगे उतने ही परमात्मा के करीब पहुंच सकते हैं।यह शरीर अनित्य है पर इस शरीर के रहते हम अपनी आत्मा का कल्याण अवश्य ही कर सकते हैं।हम हमारे मन को कंचन व आत्मा को कंचनमय बना सकते हैं।और यह सिर्फ परमात्मा की भक्ति व परमात्मा के बताए गए मार्ग पर चलने से ही संभव है।महासती जी ने कहा कि धर्म आराधना का सुंदर सुयोग प्राप्त हुआ है उसे व्यर्थ में न गवाएं।क्योंकि बुढ़ापे में धर्म आराधना सम्भव नही है।अपनेअंतिम समय का चिंतन करें क्या उस समय धर्म आराधना होगी।चिंतन करें व अपने भावों को धर्म की ओर मोड़े।बचपन की बुद्धि निर्मल होती है उसी समय से धर्म की आराधना शुरू हो जानी चाहिए।

---



# सिवनी में नवनिर्वाचित सरपंच सहित पंचों ने ली शपथ, ग्राम विकास का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

समीप के ग्राम पंचायत सिवनी में नवनिर्वाचित सरपंच और पंचों का शपथ ग्रहण समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। नवनिर्वाचित सरपंच श्रीमती सुनीता बाई तारम के साथ पंचायत के 17 पंचों ने भी विधिवत शपथ ली। सभी जनप्रतिनिधियों ने गांव के समग्र विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने का संकल्प लिया।

शपथ ग्रहण समारोह में पंचायत क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक, ग्रामीणजन, सामाजिक कार्यकर्ता एवं अधिकारी भी उपस्थित रहे। सरपंच सुनीता बाई तारम ने कहा कि पंचायत की प्राथमिकता गांव में साफ-सफाई, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना होगा। उन्होंने सभी पंचों के साथ मिलकर पारदर्शिता और ईमानदारी से विकास कार्य करने का भरोसा दिलाया।

■ पारदर्शिता और ईमानदारी से विकास कार्य करने का दिलाया भरोसा

### निष्ठा से कार्य करने का संकल्प

पंचों ने भी ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि गांव के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर, महिलाओं के सशक्तिकरण और कृषकों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।

शपथ ग्रहण कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने नव निर्वाचित प्रतिनिधियों पंच गण मोतिन बाई, तरुण बाई, गुणित राम, राजेंद्र साहू, नरोत्तम सिंह, ललिता बाई, बृजलाल कोसमा, पुष्पा बाई, रामलाल कुमेटी, पुनिया बाई, भेखलाल ठाकुर, प्रमिला मंडावी, रोहिणी बाई सिंन्हा,तीजा बाई नेताम, ललिता बाई साहू, एवं तुलेश्वरी बाई को समस्त ग्रामवासी ने शुभकामनाएं देते हुए पंचायत के विकास में सहयोग करने का आश्वासन दिया। समारोह में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला।

# एयरटेल वालों ने किया पाइप लाइन डेमेज, रहवासी रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम जोन 2 क्षेत्र स्थित रमण मंदिर वार्ड में पिछले एक सप्ताह से नर्मदापारा और चूना भट्ठी इलाके में अचानक पीने के पानी की समस्या आ रही थी। वार्डवासियों की पेयजल समस्या को गंभीरता से लेते हुए पार्षद सूर्यकांत राठौर ने गुरुवार को जोन कमिश्नर डॉ. आरके डोंगरे के साथ वार्ड के समीप रेलवे स्टेशन के पास पाइप लाइन ट्रेस किया। उन्हें वहां पर पाइप लाइन में 2 जगह लीकेज मिले। यह लीकेज एयरटेल कंपनी द्वारा केबल डालने के कार्य के दौरान पाइप लाइन डेमेज होने से हुआ है। पाइप लाइन डेमेज करने के लिए एयरटेल कंपनी पर 50 हजार रुपये जुर्माना करने के निर्देश दिये हैं। रमण मंदिर वार्ड पार्षद सूर्यकांत राठौर ने बताया कि सप्ताहभर से उनके वार्ड के नर्मदापारा और चूना भट्ठी इलाके में पेयजल की समस्या से लोग परेशान रहे। इसके पूर्व पाइप लाइन से पानी आपूर्ति की कोई समस्या नहीं रही।

---

80 से अधिक महिला पत्रकार हुईं शामिल

# कांग्रेस ने किया महिला पत्रकारों का 'कलम वीरांगना सम्मान'




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व मीडिया के क्षेत्र में काम करने वाली महिला पत्रकारों का सम्मान कांग्रेस संचार विभाग द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, कांग्रेस के राष्ट्रीय सह प्रभारी विजय जांगिड़ ने शाल एवं मोमेंटो देकर महिला पत्रकारों का सम्मान किया। सम्मान समारोह में 80 महिला पत्रकारों का सम्मान किया गया। इसमें प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की महिला पत्रकार शामिल थीं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस अवसर पर कहा, मीडिया के क्षेत्र में इतनी बड़ी संख्या में महिलाओं को काम करते हुए देख कर सुखद अनुभूति होती है। पहले के जमाने में प्रिंट मीडिया में पूरे रायपुर में तीन-चार महिला पत्रकार ही दिखती थीं। यह बड़ी उपलब्धि है कि आज रिपोर्टिंग और एंकरिंग दोनों ही स्थानों पर महिलाओं ने अपनी जगह बनाई है। कांग्रेस पार्टी लगातार तीन वर्षों से महिला पत्रकारों का सम्मान करती आ रही है। महिला पत्रकारों के सम्मान की परंपरा आगे बढ़ाने के लिए संचार विभाग को बधाई।

# लोक अदालत के नोटिस से हड़कंप 7 दिनों में 1.21 करोड़ टैक्स वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजस्व वसूली में तेजी लाने के लिए बिरगांव निगम के राजस्व अमले ने लगभग 1000 बकायादारों की लिस्ट तैयार कर उन्हें डिमांड, नोटिस, कुर्की के लिए प्रक्रिया शुरू की है। इससे 425 बकायादारों द्वारा पिछले माह फ़रवरी में भुगतान किया गया। बचे हुए लोगो को उनके मोबाइल पर मैसेज करके डोर टू डोर संपर्क किया जा रहा है। आयुक्त युगल किशोर उर्वषा ने राजस्व अधिकारियो की समीक्षा बैठक लेते हुए टैक्स वसूली में कड़ाई करते हुए इसे 100% करने निर्देश दिया। निगम सीमा के 40 वार्डों में इसका परिपालन करवाने के लिए राजस्व अधिकारी दीपक दीवान के नेतृत्व में राजस्व अमले सात दिनों तक सुबह सात बजे से आवासीय क्षेत्र में डोर टू डोर संपर्क किया। मौके पर ही पीओएस मशीन के साथ वसूली की जा रही है।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



### नपाध्यक्ष प्रतिभा चौधरी का मुस्लिम समाज ने शॉल भेंट कर किया स्वागत

**बालोद।** नगर पालिका अध्यक्ष बनने के बाद प्रतिभा चौधरी का बालोद मुस्लिम समाज के लोगों ने जामा मस्जिद बालोद में शॉल भेंट कर स्वागत किया। वहीं मुस्लिम समाज का दो–तीन प्रमुख मांग को मुस्लिम समाज के अध्यक्ष शाहिद खान ने बालोद नगर पालिका के अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी को पूरा करने की मांग की, जिस पर नगर पालिका के अध्यक्ष ने अपनी सहमति प्रदान की है और कहा है कि मैं शपथ लेने के बाद निश्चित तौर पर समाज का जो भी प्रमुख मांग है उसको पूरा करूंगी।

### लो वोल्टेज की समस्या से ग्रामीण परेशान



**डौण्डीलोहारा।** वनांचल ग्राम रेंगाडबरी में बिजली की समस्या को लेकर ग्रामीण परेशान हैं, अभी ठीक से गर्मी चालू नहीं हुई है, फिर भी लो वोल्टेज की समस्या से लोगों की परेशानी बढ़ गई है, लो वोल्टेज के कारण बोर नहीं चल पा रहा है, जिससे पीने के पानी की समस्या विकराल हो रही है, ग्रामीणों को बहुत दूर-दूर से पानी लाने के लिए कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, फिर से हैंडपंप सहारा लेना पड़ रहा है, बिजली की सप्लाई सही मात्रा में नहीं हो रहा है, बिजली अधिकारी से बात करने पर उन्होंने बताया कि घरों घर केपेसीटर लगाने पर कुछ हद तक समस्या का निराकरण हो सकता है, इस अवसर पर जयेश जैन, संतोष गुप्ता पालसिंग यादव ,चंद्रशेखर निषाद, रितेश निषाद, नेमन साहू और अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

**प्रवचन : ओटेबंद में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन**

# भगवान का साक्षात्कार बिना भाव के संभव नहीं : प्रमोद कृष्ण दास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग व बालोद जिला के मध्य मेन रोड पर खप्परवाडा से 3 कि.मी. के दूरी पर स्थित श्री विष्णु धाम महायज्ञ ओटेबंद बगीचा मंदिर परिसर में श्रीमद् भागवत महापुराण के आज पंचम दिवस में वृंदावन से आए कथा प्रवक्ता प्रमोद कृष्ण दास जी महाराज ने भाव की महिमा का वर्णन किया। महाराज जी ने परीक्षित- शुकदेव संवाद, विदुर चरित्र, हिरण्याक्ष वध के साथ ही वामन भगवान के अवतार का भी वर्णन किया।

### सनातन धर्म का प्रचार प्रसार है उद्देश्य

कथा की व्यवस्थापक एवं विश्व सनातन सेवा संघ के सचिव महाराज जी के छोटे भाई ओंकार शर्मा ने बताया की हमारा उद्देश्य जन जन तक सनातन धर्म का प्रचार प्रसार करना है। ताकि हम सभी सनातन धर्म की ध्वजा का परचम फहरा सके और संपूर्ण विश्व को सनातन पद्धति का ज्ञान दे सके। इसके लिए महाराज जी कथा का कोई भी शुल्क नहीं लेते हैं जो भक्तजन प्रेम से श्रद्धा सुमन अर्पित करें उसी को स्वीकार करते हैं।







**ये रहे उपस्थित :** भागवत प्रवचन के में सिंह देशमुख और केजिया बाई देशमुख मंदिर के सदस्य बिरेन्द्र दिल्लीवार, लवकुश चंद्राकर, बब्ला चंद्राकर, पुरूषोत्तम चन्द्राकर, शेर सिंह,भगवान सिंह चन्द्राकर ,रोहित चंद्राकर,टिकेन्द्र साहू , नवनिर्वाचित अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही पुरूषोत्तम चन्द्राकर,सरपंच जीवन लाल साहू, सरस्वती इन्द्रजीत चन्द्राकर, सत्यवती साहू, पूर्व सरपंच व बाजार ठेकेदार खेमन लाल चन्द्राकर, मनोज सेन,हिरा लाल सहित अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### बिना भाव के संभव नहीं भगवान का साक्षात्कार

महाराज जी ने बताया कि भगवान ज्ञानियों को बहुत प्रेम करते हैं। ज्ञानियों को भगवान ने अपनी आत्मा कहा है किंतु भक्तों के विषय में भगवान कहते हैं कि भक्त तो मेरा भी परमात्मा है। महाराज जी विदुर चरित्र सुनाते हुए धर्म की महिमा का वर्णन करते हैं। उन्होंने कहा कि यदि हम धर्म की रक्षा करते हैं तो धर्म हमारी रक्षा करेगा। किंतु हम धर्म की रक्षा नहीं कर पाए तो धर्म हमें नष्ट कर देता है। कौरवों और पांडवों में मुख्य फर्क यही था। कि कौरव धर्म को त्याग चुके थे और पांडव पल-पल धर्म का पालन कर रहे थे। इसका परिणाम यह हुआ की पांच पांडवों के सामने 100 कौरव टिक नहीं पाए। महाराज जी ने विदुर चरित्र सुनाते हुए भाव की महिमा और प्रधानता बताइ। भाव के प्रभाव में आकर भगवान श्री कृष्ण विदुरानी के किले के छिलके भी बड़े प्रेम से खा गए थे।

# सेवा में कमी से सिबिल स्कोर खराब हुआ, बैंक करेगी क्षतिपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बैंक के द्वारा सिबिल स्कोर खराब किया जाना सेवा मे कमी के अंतर्गत आने की बात न्यायालय द्वारा कही गई। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोश आयोग बालोद आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के विरूद्व आदेश पारित किया गया।

- जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोश आयोग ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के विरुद्ध किया आदेश पारित

जिला उपभोक्ता आयोग बालोद सदस्य इंदरचंद राकेचा ने बताया परिवादी विनय कुमार नामदेव नयापारा बालोद द्वारा परिवाद प्रस्तुत किया गया, उसके द्वारा फरवरी 2023 मे सेट्रंल बैंक मे ओडी लिमिट हेतु आवेदन दिया गया, जिस पर अग्रिम कार्यवाही करते हुए बैंक ने सिविल स्टेट्स को चेक किया गया जिसमे जानकारी दी गई सिविल स्कोर अत्याधिक खराब होने के कारण ओडी लिमिट नही दे सकते।

जिसके पश्चात परिवादी द्वारा आईडीएफसी बैंक के ऋण के संबंध मे की गई गलत प्रविष्टि को हटाने एवं पूर्ण रूप से दुरूस्त करने एवं अन्य अनुतोश हेतु परिवाद प्रस्तुत किया गया। बैंक ने स्वीकार किया पक्षकार का बचत खाता है, जिसमें उन्होने पुराना वाहन क्रय करने हेतु 4 लाख ऋण लिया था। परिवादी द्वारा अप्रैल 2023 की गई शिकायत सिबिल मे दिनांक 31.07.2023 को प्रविष्टि हटा कर रिकार्ड सुधार दिया था। परिवादी के ऋण खाते मे किसी अन्य व्यक्ति द्वारा लिए गए ऋण की प्रविष्टि की गई जिसके कारण परिवादी का सिबिल स्कोर खराब हो गया, जिसमे विनय नामदेव आत्मज जगन्नाथ नामदेव मध्यप्रदेश का उल्लेख है परिवाद प्रस्तुत किये जाने तक सिबिल स्कोर मे सुधार नही किया गया, बैंक द्वारा गलत प्रविष्टि को सुधारने एवं सिबिल स्कोर कोई दस्तावेज प्रस्तुत नही किया गया, गलत प्रतिविष्ट के कारण परिवादी का सिबिल स्कोर खराब कर विरोधी पक्ष द्वारा सेवा मे कमी की गई, बैंक के कृत्य से परिवादी को मानसिक पीड़ा होना स्वाभाविक है, बैंक को आदेशित किया गया, 45 दिन के भीतर परिवादी का सिबिल स्कोर की गई गलत प्रविष्टि को हटाने एवं सिबिल रिकाड्र को पूर्णरूप से दुरूस्त कर परिवादी को प्रदान करे। मानसिक क्षति के रूप मे 20,000/–रू. एवं वाद–व्यय 5,000/–रू के रूप मे दिये जाने आदेश पारित किया गया।

# महिला दिवस समारोह की भव्य तैयारी महिलाओं का किया जाएगा सम्मान

**दल्लीराजहरा।** दल्लीराजहरा सहित क्षेत्र में आज महिला दिवस को लेकर भव्य तैयारियां की गई है, दल्लीराजहरा के विभिन्न स्थानों में महिला दिवस मनाया जाएगा सामाजिक एवं सकारात्मक कार्य कर अपनी अलग पहचान बनाने वाली महिलाओं का सम्मान आज नगर के महिला समाज द्वारा किया जाएगा, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दल्लीराजहरा और आसपास के क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में महिलाओं को उनके योगदान और उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया जाएगा।



### महिला समाज का सम्मान समारोह

विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। रैली एवं जागरूकता कार्यक्रमः महिला सशक्तिकरण और अधिकारों को लेकर जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रमः नृत्य, गीत, नाटक और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ होंगी। स्वास्थ्य शिविरः महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर चर्चा और निःशुल्क चिकित्सा परामर्श दिया जायेगा, प्रेरणादायक भाषण भी होंगे समाज में बदलाव लाने वाली महिलाओं को सम्मान भी किया जाएगा। समाजसेवी अंजू ध्रुव ने कहा कि वास्तव में आज के युग में महिलाएं काफी आगे हैं महिलाएं अबला नहीं, महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़कर कार्य कर रही है कई क्षेत्रों में पुरुषों को पीछे छोड़ महिलाएं आगे बढ़ रही है, उन्होंने कहा कि गर्व है आज महिला सभी क्षेत्रों में अग्रणी होने लगी है।

# शुक्रवार से होलाष्टक की हुई शुरुआत, नहीं होंगे शुभ कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में होली से 8 दिन पहले शुक्रवार को होलाष्टक की शुरुआत हो चुकी है। जिसमें होली के पहले आठ दिनों को शुभ कार्य नही किया जाता है। इन दिनों विवाह, गृह प्रवेश, नामकरण, मुंडन सहित अन्य मांगलिक कार्य नहीं होंगे। आमतौर पर होली के बाद विवाह और मांगलिक कार्य शुरू हो जाते हैं। होलाष्टक, फाल्गुन शुक्ल अष्टमी से लेकर फाल्गुन पूर्णिमा होली तक के आठ दिनों को कहते हैं।

- होली के बाद होंगे विवाह और मांगलिक कार्य

पंचांग के अनुसार इस वर्ष 2025 में होलाष्टक की शुरुआत शुक्रवार से हो रही है, वहीं इसका समापन 13 मार्च को होलिका दहन के साथ होगा। होलिका दहन इस बार 13 मार्च की रात को होगा, इस रात 11 बजकर 31 मिनट तक भद्रा है, इस काल में होलिका दहन नहीं होगा। इस बार होली 14 मार्च को खेली जाएगी। पंडितों के अनुसार 13 मार्च को होलिका दहन के बाद 14 को होली खेलना बताया जा रहा है। पंडितों के अनुसार होलिका दहन और रंगों की होली दोनों का अलग–अलग महत्व है। इस बार फाल्गुन पूर्णिमा तिथि की शुरुआत 13 मार्च को सुबह 10 बजकर 25 मिनट से होगी और इसके अगले दिन यानी 14 मार्च को दोपहर 12 बजकर 23 मिनट पर तिथि का समापन होगा।

### होलिका दहन का शुभ-मुहूर्त

पंडित नूतन तिवारी ने बताया कि होलिका दहन फाल्गुन पूर्णिमा की रात को शुभ मुहूर्त में किया जाता है। इस बार 13 मार्च को भद्रा को रात्रि 11 बजकर 31 मिनट तक है, इसके बाद होलिका दहन होगा। इसके अलावा जो लोग 13 मार्च को होलिका दहन नहीं करेंगे वे 14 मार्च को शाम साढ़े 6 बजे से रात साढ़े 8 बजे तक होलिका दहन कर सकेंगे। इस दौरान लोग पवित्र अग्नि में लकड़ी, गोबर के उपले और अनाज अर्पित कर अपनी समस्याओं और नकारात्मक ऊर्जा को समाप्त करने की कामना करेंगे।

### होलिका दहन के बाद अप्रैल माह में विवाह के शुभ मुहूर्त

साल 2025 में विवाह के कुल 76 शुभ मुहूर्त हैं, जिमसें वर–वधु पक्ष बिना किसी अड़चन के विवाह कार्य संपन्न कर सकते हैं। इस साल रामनवमीं 6 अप्रैल को मनाई जा रही है, इस दिन विवाह मुहूर्त की शुरुआत होगी। खुशहाल दांपत्य जीवन की शुरुआत के लिए यह सबसे बेहतर दिन है। अप्रैल महीने में 14, 16, 18, 19, 20, 21, 22, 29 और 30 तारीख को विवाह का शुभ मुहूर्त है। वही नूतन तिवारी ने बताया कि होलाष्टक के पूर्व नव विवाहित महिलाओ को मायके वाले मायके लेकर आ जाते है।



## खबर संक्षेप

### जिला सहकारी विकास समिति की चतुर्थ बैठक 10 मार्च को

**बालोद**। छत्तीसगढ शासन सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल की अध्यक्षता में जिला सहकारी विकास समिति की चतुर्थ बैठक 10 मार्च 2025 को आयोजित की गई है। उप पंजीयक एवं संयोजक सदस्य जिला सहकारी विकास समिति ने बताया कि सहकारी आंदोलन को मजबूती प्रदान करने एवं उसकी जमीनी स्तर पर पहुँच बनाने हेतु जिला सहकारी विकास समिति का गठन किया गया है। जिसकी चतुर्थ बैठक संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में 10 मार्च को शाम 4 बजे आयोजित की गई है। बैठक में सर्व संबंधितों को उपस्थित होने को कहा है।

### कलेक्टर ने 14 मार्च को घोषित किया शुष्क दिवस

**बालोद**। कार्यालय आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आदेश जारी कर जिले में 14 मार्च 2025 को होली (जिस दिन रंग खेला जाए) के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया है। जारी आदेश के अनुसार 14 मार्च को जिला बालोद में संचालित समस्त देशी, विदेशी, कम्पोजिट मदिरा दुकानों एवं मद्य भण्डागार को पूर्णत बंद रखने के निर्देश दिए हैं। उक्त अवधि में मदिरा का संव्यवहार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

### इंटर्नशिप के लिए 12 मार्च तक कर सकते हैं आवेदन

**बालोद**। भारत सरकार के प्रधानमंत्री इंटर्नशिप स्किम 2.0 में 01 वर्षीय इन्टर्नशिप हेतु पंजीकरण एवं आवेदन की अंतिम तिथि 12 मार्च 2025 तक निर्धारित की गई है। प्रधानमंत्री इन्टर्नशिप स्किम के नोडल अधिकारी एवं प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक बालोद ने बताया कि इन्टर्नशिप स्किम हेतु आवेदक की आयु 21 से 24 वर्ष निर्धारित की गई है। आवेदक 10वीं, 12वी, आई.टी.आई., पॉलीटेक्निक अथवा किसी महाविद्यालय से स्नातक होना अनिवार्य है। आवेदक वर्तमान में किसी कॉलेज या संस्था में नियमित अध्ययनरत नही होना चाहिए। इसके साथ ही आवेदक कोई पूर्णकालिक रोजगार में संलग्न न हो। उन्होंने बताया कि पात्र आवेदक12 मार्च 2025 तक वेब साइट पर अपना ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन कर सकते हैं।

### एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 10 मार्च को

**बालोद**। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुण्डरदेही एवं गुरूर में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप 2.0 अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 10 मार्च 2025 को किया गया है। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुण्डरदेही के प्राचार्य ने बताया कि भारत सरकार के द्वारा 1.25 करोड़ युवाओं को देश के 500 शीर्ष कम्पनियों में इंटर्नशीप के अवसर प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री इंटर्नशिप 2.0 शुरू की गई है। जिसमें आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों के पंजीयन हेतु संस्था में 10 मार्च 2025 को कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 21 से 24 वर्ष के आईटीआई उत्तीर्ण सभी व्यवसाय के प्रशिक्षणाथएँ उक्त दिवस को संपूर्ण दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर पंजीयन कर सकते है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, छैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

हरिभूमि पाठक सूचना
बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

जायजा : बच्चों से बातचीत कर पढ़ाई-लिखाई की व्यवस्था के संबंध में ली जानकारी

# कलेक्टर ने किया पीएमश्री स्कूल का औचक निरीक्षण






हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने बालोद विकासखण्ड के पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला जगतरा का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने पीएमश्री स्कूल जगतरा के नन्हें-मुन्हें बच्चों से बातचीत कर पढ़ाई-लिखाई की व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। चन्द्रवाल ने 5वीं कक्षा के बच्चों से उन्हें कराए जाने वाले मॉक टेस्ट के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने बच्चों से सामान्य ज्ञान संबंधी प्रश्न भी पूछा। इस दौरान चन्द्रवाल ने कक्षा तीसरी के विद्याथएँ गुलाब कुमार को उनके जन्म दिन के अवसर पर उपहार भेंटकर उन्हें जन्म दिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### कलेक्टर के साथ प्रसन्नचित नजर आए बच्चे

चन्द्रवाल के मधुर एवं स्नेहिल व्यवहार से पीएमश्री शाला जगतरा के बच्चे बहुत प्रसन्नचित नजर आ रहे थे। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं को पूरे लगन एवं प्रतिबद्धता के साथ विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करने को कहा। इस मौके पर कलेक्टर चन्द्रवाल ने स्कूल परिसर में वृक्षारोपण कर स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं बच्चों को पौधों की समुचित देखभाल करने की समझाईश भी दी। इस अवसर पर अतिरिक्त तहसीलदार संध्या नामदेव सहित स्कूल के शिक्षक-शिक्षिका एवं विद्याथएँगण उपस्थित थे।

## कलेक्टर पहुंचे जगतरा, रूई बत्ती निर्माण कार्य का किया अवलोकन



**बालोद**। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज बालोद विकासखण्ड के ग्राम जगतरा में गांव के महिला स्वसहायता समूह द्वारा निर्मित किए जा रहे रूई बत्ती निर्माण कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन स्व सहायता समूह के 10 महिलाओं के द्वारा इस कार्य का संपादन किया जाता है। इस कार्य के लिए उनके पास वर्तमान में 10 मशीन उपलब्ध है। इस मौके पर अतिरिक्त तहसीलदार संध्या नामदेव एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। उत्पादन एवं आमदनी के संबंध में ली जानकारी इस दौरान चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित महिला स्वसहायता समूह के सदस्यों से प्रतिदिन रूई बत्ती के कुल उत्पादन एवं इससे होने वाले आमदनी के संबंध में जानकारी ली। इस कार्य में लगे स्व सहायता समूह की महिलाओं ने बताया ने की एक महिला के द्वारा प्रतिदिन लगभग आधा किलो गोल रूई बत्ती का निर्माण कर लेने की जानकारी दी।

## कलेक्टर ने किया माइनर नहर-नाली के जीर्णोद्धार कार्य का अवलोकन



बालोद कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने बालोद विकासखण्ड के ग्राम अंगारी में भेड़िया नवागांव पुराने माइनर नहर-नाली के जीर्णोद्धार कार्य का अवलोकन कर अधिकारियों से निर्माण कार्य के प्रगति के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता को माइनर नहर-नाली के जीर्णोद्धार कार्य के अंतर्गत इस प्रगतिरत कार्य को निर्धारित समयावधि में पूरा कराने तथा इसका जाँच प्रतिवेदन भी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कार्यपालन अभियंता केएल तारम ने बताया कि इस नहर-नाली के माध्यम से तांदुला मुख्य नहर से भेड़िया नवागांव सहित चिचबोड़, सोंहतरा, अंगारी, बिरेतरा आदि गांव में सिंचाई हेतु पानी की आपूर्ति की जाती है।

## भारती विवि में शिकसा महोत्सव का आयोजन 9 मार्च को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ का वार्षिक सम्मेलन शिकसा महोत्सव 2025 का भव्य आयोजन 09 मार्च रविवार को 10 बजे भारती विश्वविद्यालय पोटिया रोड पुलगांव दुर्ग में संयोजक डॉ. शिवनारायण देवांगन के संयोजन में किया गया है। संयोजक शिवनारायण ने बताया कि कार्यक्रम के अतिथि के रूप में मुख्य अतिथि- विजय बघेल सांसद दुर्ग लोकसभा, अध्यक्षता- गजेंद्र यादव विधायक दुर्ग शहर, अति विशिष्ट आतिथि- ललित चन्द्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण, अल्का बाघमार महापौर नगर निगम दुर्ग, विशिष्ट अतिथि- श्रद्धा साहू सदस्य जिला पंचायत दुर्ग व जागेश्वरी मेश्राम छत्तीसगढ़ी फिल्म अभिनेत्री उपस्थित रहेंगे। संयोजक देवांगन ने बताया कि कार्यक्रम प्रातः 9:30 से पंजीयन, सुबह 10 बजे सरस्वती पूजन व वंदना, राजगीत, स्वागत गीत, शीर्षक गीत व गीत नृत्य के साथ शुभारंभ, 11 बजे पदाधिकारियों का वक्तव्य, 11:30 बजे 'मैं शिक्षक हूं' व 'वार्षिक कैलेन्डर' का विमोचन व अतिथि उदबोधन व सम्मान समारोह, 1:30 बजे भोजन, 2 बजे पुरस्कार वितरण व सम्मान समारोह का शेष भाग, 4 बजे टी टाइम व 5:00 बजे समापन होगा।

- मुख्य अतिथि होंगे सांसद विजय बघेल व विधायक गजेंद्र यादव करेंगे

**सांस्कृतिक कार्यक्रम** : आस ने आगे बताया कि कार्यक्रम के रूप में सरस्वती वंदना- हेमा चन्द्रवंशी, राजगीत- संध्या पाठक, स्वागत गीत- उषा भट्ट, शीर्षक गीत- डॉ.प्रमोद आदित्य एवं मनीषा कश्यप, गीत- संयोगिता रात्रे, नृत्य- मंजूलता मेरसा एवं साथी, निशा महिलांग व भूमिका महिलांग, अनामिका चक्रवर्ती तथा पुष्पांजलि ठाकुर, पूनम नेताम व कविता नेताम प्रस्तुत करेंगे। संयोजक देवांगन ने बताया कि संस्था पर विचार- डॉ.शिवनारायण देवांगन आस, अध्यक्षीय उदबोधन कौशलेंद्र पटेल व नीता त्रिपाठी, सचिव प्रतिवेदन- डॉ. बोधीराम साहू, आभार प्रदर्शन- जगन्नाथ देवांगन तथा कार्यक्रम का संचालन- राधेश्याम कवंर व शशिकला पाण्डेय करेंगे।

### इन्हें दिया गया है दायित्व

संयोजक डॉ. आस ने कहा कि कार्यक्रम के प्रभारी के रूप में पंजीयन प्रभारी- प्रकाश चन्द्र चेलक व गोपाल ध्रुव, मंच व्यवस्था प्रभारी- राधेश्याम कवंर व होरीलाल चतुर्वेदी, स्वागत प्रभारी- नीता त्रिपाठी, पुष्पांजलि ठाकुर व एस. वीणा पटेल, सम्मान प्रभारी- डॉ. बोधीराम साहू, राघवेन्द्र राठौर व ईश्वरी देवांगन, भोजन प्रभारी- जगन्नाथ देवांगन, मनोज कुमार गुप्ता व हरमन कुमार बघेल, अतिथि स्वागत प्रभारी- कौशलेंद्र पटेल, हर्षा देवांगन व बुधनी अजय, अतिथि जलपान प्रभारी- संध्या पाठक, प्रीतिचंद्र मल्लिका व ज्योति गजपाल, सांस्कृतिक प्रभारी- उषा भट्ट, हेमा चन्द्रवंशी व अनामिका चक्रवर्ती आदि को दायित्व दिया गया है। संयोजक आस ने सबसे अपील किया है कि कार्यक्रम में उपस्थित होकर आप यथायोग्य सहयोग प्रदान कर ऐतिहासिक सफल बनाये।

### जल जतन अभियान के संबंध में समीक्षा बैठक, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

**बालोद**। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देशानुसार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे की अध्यक्षता में जल जतन अभियान के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डॉ. कन्नौजे ने भू-जल स्तर में वृद्धि किए जाने हेतु जल जतन अभियान पखवाड़ा आयोजित करने के निर्देश दिए।

सीईओ डॉ. कन्नौजे ने प्रत्येक ग्राम पंचायत में जल संरक्षण हेतु जन जागरूकता अभियान के लिए जल वाहिनी का गठन, महिला कमाण्डो, मितानिन एवं स्व-सहायता समूह की सक्रिय महिलाओं को शामिल करने को कहा है। इसके साथ ही एनसीसी, स्काउट-गाइड के स्कूली छात्र-छात्राएं एवं अन्य युवाओं का जल मित्र तथा प्रत्येक ग्राम स्तर पर जनप्रतिनिधि, ग्राम के वरिष्ठ नागरिक एवं किसान को शामिल कर जल जतन समिति का गठन करने को कहा।

बैठक में डॉ. कन्नौजे ने कहा कि जल जतन पखवाड़ा के तहत विशाल जन समुदाय के माध्यम से विभिन्न रूपों, रैली, वॉल-पेंटिंग, सोकपिट निर्माण, बच्चों की निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं जन भागीदारी के तहत बोरी बंधान को बढ़ावा देना है। जिससे निकट भविष्य में भूमिगत जल की सुरक्षा एवं ग्रीष्म ऋतु में पेय जल की कमी को रोका जा सके।

## डौंडी नपं के उपाध्यक्ष बने भाजयुमो अध्यक्ष संजीव

### डौंडी नगर पंचायत में भाजपा ने लहराया जीत का परचम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

नगर पंचायत में शुक्रवार को उपाध्यक्ष के चुनाव हेतु निर्वाचन प्रक्रिया डौंडी एसडीएम आरके सोनकर के द्वारा संपन्न करवाई गई।

डौंडी नगर पंचायत में भाजपा ने जीत का परचम लहरा उपाध्यक्ष बना लिए। उपाध्यक्ष के चुनाव में भाजपा के संजीव मानकर को 9 मत और निर्दलीय प्रत्याशी ममता जैन को 7 मत प्राप्त हुए और संजीव मानकर दो मतों से जीत उपाध्यक्ष बने। संजीव की जीत की घोषणा के साथ ही भाजपा समर्थकों ने जमकर पटाखे फोड़ मिठाईयां बांटी। भाजपा के चुनाव प्रभारी कृष्ण कांत पंवार, मनीष झा, दिनेश अग्रवाल, रूपेश नायक, अजय चौहान, रूपेश जैन, तेजराम साहू, विशाल जैन, निलेश जायसवाल, दीपक जायसवाल, शिवम् दुबे, निखिल अग्रवाल, राजेंद्र



नाहर, रामनारायण धनकर, श्याम लाल सोनार, नरेंद्र जायसवाल, लालचंद जैन, लक्ष्मण चक्रधारी सहित उपस्थित सभी भाजपा नेताओं एवं समर्थकों ने विजयी प्रत्याशी संजीव मानकर सहित नगर पंचायत अध्यक्ष मोहंतिन चौरका और सभी भाजपा समर्थित पार्षदों को फूलों के हार पहना बधाई दी। शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव को संपन्न करवाने हेतु डौंडी थाना प्रभारी उमा ठाकुर दलबल के साथ अंत तक डटी रही।

### आने वाले समय में हो सकता है बवाल

बता दें कि अब डौंडी नगर की राजनीति में आने वाले समय में भारी बवाल देखने को मिल सकता है। क्योंकि कुछ निर्दलीय प्रत्याशियों के द्वारा डौंडी को ग्राम पंचायत बनाने के नाम पर अपने अपने वार्ड से समर्थन मांगा था और जीतने के बाद इस्तीफा देकर विरोध दर्ज करवाने की बात कही थी, किंतु जीतने के बाद अब तक सभी को शांत देख उन वार्डो की जनता जिन्हें ग्राम पंचायत का सपना दिखाया गया था वो सभी अब अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहे है। सभी ग्राम पंचायत बनाने के नाम से जीते पार्षदों ने उपाध्यक्ष चुनाव में भाग लेकर मतदान किया जिससे वे अब अपना इस्तीफा नहीं सौंपने की स्थिति दिख रहीं हैं।

### ये विष्णुदेव साय के सुशासन की जीत : पवार

चुनाव प्रभारी एवं पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्णकांत पवार ने विजयी प्रत्याशी संजीव मानकर सहित नगर पंचायत अध्यक्ष मोहंतिन चौरका और सभी भाजपाई पार्षदों को हार पहनाकर बधाई दी और कहा कि ये जीत विष्णुदेव साय के सुशासन की है। डौंडी में नगरीय निकाय में जीत के बाद अब जल्द ही जनपद डौंडी में भी भाजपा का परचम लहराएंगे। मंडल अध्यक्ष रूपेश नायक ने डौंडी नगर में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष भाजपा के बनाने का श्रेय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों और भाजपा के कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत को बताया। पूर्व मंडल अध्यक्ष मनीष झा और पूर्व विधायक प्रतिनिधि दिनेश अग्रवाल ने भाजपा के पक्ष में किए मतदान के लिए डौंडी की जनता का आभार व्यक्त करते हुए नगर में विकास की गंगा बहाने का वादा किया। डौंडी नगर पंचायत में एकतरफा भाजपा की जीत को आमजनता की जीत बताया और विजयी प्रत्याशी संजीव मानकर और अध्यक्ष सहित सभी पार्षदों को बधाई दी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025, 18 मई से 26 मई 2025, 29 मई से 06 जून 2025, 09 जून से 17 जून 2025
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी 93406-38884
By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
श्री हरिद्वार, हरकी पौड़ी, ऋषिकेश, श्री उत्तरकाशी, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री बद्रीनाथ, श्री केदारनाथ,
यात्रा दिनांक
29 अप्रैल 2025
10 मई 2025
23 मई 2025
02 जून 2025
29 अगस्त 2025
10 सितंबर 2025
15 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-22,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

HI TEK
Inspiring better health
डॉ. असलम खान
एमबीबीएस, एमडी (मेडिसीन) डीएनबी (कार्डियो)
एक्स- मैक्स नई दिल्ली, केयर हैदराबाद
इन्टरवेन्शनल कार्डियोलॉजिस्ट
डॉ. नवीन वैष्णव
एमबीबीएस, एमएस, एमसीएच (यूरोलॉजी)
एक्स- बीएचयू, एम्स
एनडोयूरोलॉजी, पीडियाट्रिक यूरोलॉजी, एनड्रोलॉजी एवं रीनल ट्रांसप्लांट
डॉ. रुचि ठाकुर
एमबीबीएस, एमडी (पीडियाट्रिक्स)
एक्स-जीएमसी भोपाल, एम्स रायपुर
नवजात शिशु विशेषज्ञ
हाइटेक सुपर स्पेशियालिटी हॉस्पिटल (प्रा.) लि.
जुनवानी स्मृति नगर रोड, भिलाई
0788-4056666 • 73891 92333